# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Faridabad **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0027 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 07/11/2025 12:37 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 07/11/2025 **Time (समय):** 12:05 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 007 **Date and Time (दिनांक और समय):** 07/11/2025 12:34 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):**

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** मुकेश

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** मुरारी

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1988 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g)

**ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

**(h)** **Occupation (व्यवसाय):**

**(i)** **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **नई बस्ती सल्लागढ़ पलवल, PALWAL, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **नई बस्ती सल्लागढ़ पलवल, PALWAL, HARYANA, INDIA** |

**(j)** **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-8816047494

**7.** **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन पटवारी | | | 1. पटवार घर पलवल, PALWAL,HARYANA,INDIA |
| 2 | रूपेश कंप्युटर ऑपरेटर | | | 1. पटवार घर पलवल, PALWAL,HARYANA,INDIA |

**8.** **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9.** **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | COIN AND CURRENCY | INDIAN RUPEE | रिश्वत राशि 30000 रुपये | 30,000.00 |

**10.** **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):** 30,000.00

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में डीएसपी साहब राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार ब्यूरो पलवल श्रीमान जी सविनय निवेदन यह है कि मैं मुकेश पुत्र मुरारी निवासी मकान नंबर DE-369 नई बस्ती सल्लागढ़ जिला पलवल का रहने वाला हूं और मैं किराने की दुकान पर अकाउंटेंट का काम करता हूं मेरी माताजी श्रीमती भगवती पत्नी श्री मुरारी ने वर्ष 2006 में नई बस्ती सल्लागढ़ में 100 गज का प्लाट खरीदा था जिसकी रजिस्ट्री वर्ष 2006 में करा ली थी परंतु मुटेशन नहीं कराई थी इसलिए मैं मुटेशन कराने के लिए पटवारी घर पलवल में नवीन पटवारी से मिला और उससे मेरी माताजी के प्लाट की मुटेशन चढ़ाने के

लिए कहा जिसके लिए मैंने रजिस्ट्री की कॉपी व रजिस्ट्री की सर्टिफाइड कॉपी व जमाबंदी पटवारी को दी नवीन पटवारी ने रजिस्ट्री की कॉपी तथा जमाबंदी को अपने कार्यालय रूपेश नाम के लड़के (जो कंप्यूटर पर काम करता है) को रिकॉर्ड चेक करने के लिए दी रूपेश ने चेक करके नवीन पटवारी से बात करके मुटेशन चढ़ाने के एवज में ₹1 लाख रिश्वत की मांग की मैंने कहा मैं अपने घर में बात करके बता दूंगा और उसके बाद मैं बार-बार मुटेशन चढ़ाने के लिए पटवारी घर पलवल में चक्कर लगाता रहा परंतु बिना रिश्वत लिए नवीन पटवारी व रूपेश (कंप्यूटर ऑपरेटर) ने मेरी मुटेशन नहीं चढ़ाई जो मैं दिनांक 41 25 को मैं पटवार घर पलवल गया था जहां पर रूपेश (कंप्यूटर ऑपरेटर) ने नवीन पटवारी के सामने मुझसे मुटेशन चढ़ाने के लिए ₹50000 की रिश्वत की राशि की डिमांड की जिसमें 30 हजार पहले एडवांस व 20 हजार रुपए मुटेशन चढ़ाने के बाद देने के लिए कहा था। रूपेश (कंप्यूटर ऑपरेटर) ने नवीन पटवारी को अपने पास बुलाया। नवीन पटवारी ने मुझसे कहा मुटेशन चढ़ाने के 50 हजार रुपए जो रूपेश ने मांगे हैं। आप 45 हजार रुपए दे देना। फिर मैंने कहा कि मेरे पास इतने रुपए नहीं है। फिर नवीन पटवारी ने कहा कि आप चलो 40 हजार रुपए दे देना। मैं आपकी प्लाट की मुटेशन चढ़ा दूंगा। जिसकी मैंने दिनांक 04.11.25 को रूपेश कंप्यूटर ऑपरेटर व नवीन पटवारी की रिकॉर्डर डिवाइस में रिश्वत के लेनदेन की बातचीत रिकॉर्डिंग कर ली है। बिना रिश्वत लिए नवीन पटवारी व रूपेश कंप्यूटर ऑपरेटर मेरी मुटेशन नहीं चढ़ाएंगे परंतु मैं रिश्वत नहीं देना चाहता। मेरा नवीन पटवारी व रूपेश कंप्यूटर ऑपरेटर से कोई पैसे का लेनदेन नहीं है और ना ही कोई रंजिश है। जिस रिकॉर्डर डिवाइस में मैंने रिश्वत मांगने से संबंधित बातचीत रिकॉर्ड की है। वो मैं बाद में पेश कर दूंगा। अब मैं हाजिर चौकी आया हूं और अपनी कंप्लेंट दर्ज कराई है। कृपया करके नवीन पटवारी व रूपेश कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। SD/- मुकेश पता नई बस्ती सल्लागढ़ मो0 नं0 8816047494 । कार्यवाही पुलिस- आज मैं हाजिर कार्यालय राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेंद्र पलवल हूं कि शिकायतकर्ता मुकेश पुत्र श्री मुरारी निवासी नई बस्ती सल्लागढ़ पलवल ने हाजिर कार्यालय आकर एक लिखित दरखास्त रिश्वत मांगने बारे नवीन पटवारी पलवल व रूपेश कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध पेश की है जिस बारे उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया मैंने एक रेडिंग पार्टी तैयार की जिसमें संयुक्त उप निरीक्षक बृजपाल नंबर 438/पलवल मुख्य सिपाही चरणजीत नंबर 387/मेवात मुख्य सिपाही सोनू सिंह नंबर 686/फरीदाबाद ईएचसी गौतम नंबर 748/फरीदाबाद सिपाही ओमवीर नंबर 2917/गुरुग्राम व सिपाही रामवीर नंबर 835/दादरी को शामिल किया उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार श्री हरीश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद व उनके साथ श्री भूपेंद्र लिपिक हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हाजिर आए हैं जिनका परिचय शिकायतकर्ता मुकेश व रेडिंग पार्टी से आपस में कराया गया श्री हरीश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व श्री भूपेंद्र लिपिक हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद को बतौर छाया गवाह नियुक्त करके रेडिंग पार्टी में शामिल किया गया मेरे द्वारा धारा 105 बीएनएसएस की कारवाई करते हुए मेरे द्वारा राजपत्रित अधिकारी के सामने शिकायतकर्ता मुकेश उपरोक्त को जामा तलाशी लेकर शिकायतकर्ता से रिश्वत में दी जाने वाली राशी पेश करने को कहा गया जिस पर शिकायतकर्ता ने 500 500 के 60 नोट नंबरी कुल 30000 पेश किए नोट इन्वेंटरी तैयार करके पेश की गई रिश्वत राशि पर फिनाइल पैथालीन पाउडर अच्छी तरह से लगाकर शिकायतकर्ता को दिए गए हिदायत मुनासिब दी गई फर्द जामा तलाशी पेशगी व हवालगी नोट करेंसी तैयार की गई तथा डेमोंसट्रेशन घोल नियमानुसार तैयार किया गया हालात उच्च अधिकारियों को बतलाए गए जो शिकायत के अध्ययन व शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन में रिकॉर्डिंग सुनने के पश्चात जुर्म जेर धारा 7 पीसी एक्ट का सरजद होना पाया जाने पर तहरीर हजा अभियोग अंकित करने के लिए ईएचसी गौतम नंबर 748/फरीदाबाद के थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो फरीदाबाद भेजी जा रही है अभियोग अंकित करने उपरांत अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट स्पेशल वाहक द्वारा इलाका मजिस्ट्रेट अफसरान बाला की सेवा में भिजवाई जाए नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर मौका पर भिजवाई जाए मैं मय रेडिंग पार्टी मय गाड़ी सरकारी व प्राइवेट मय तफ्तीश बाग मय लैपटॉप प्रिंटर के रवाना मौका पटवार घर पलवल का होता हूं। अजः- राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेंद्र पलवल (सुरेंद्र कुमार) उप पुलिस अधीक्षक राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेंद्र पलवल दिनांक 7/11/2025 समय 10:20 AM अज थानाः हस्ब आमद तहरीर थाना पर प्राप्त होने पर मुकदमा नम्बर 27 दिनांक 07/11/2025 धारा 7 PC ACT थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो फरी0 दर्ज रजिस्टर किया जाकर FIR की प्रतिया कम्प्युटर द्वारा तैयार करके मुकदमा हजा की स्पेशल रिपोर्ट स्पेशल वाहक EHC गौतम 748/FBD के ईलाका मजिस्ट्रेट साहब व संबंधित अफसरान बाला की सेवा में भेजी जा रही है। मुकदमा उपरोक्त निरीक्षक विजेंद्र थाना SVACB/FBD की हाजरी में दर्ज

किया जा रहा है व मुकदमा उपरोक्त में असल अनुसंधान अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमर DSP/SVACB उप केंद्र पलवल हैं ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही :** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख धारा के तहत है.**):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Surender Kumar **Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** HPS **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** MUKESH GIRI

**Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 806FBD

14. **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Error: Subreport could not be shown.